Publication: Veer Arjun
Date:21/11/2014
Edition: New Delhi
Page No:11
Headline:DPS Rohini wins TCS IT Wiz-2014

डीपीएस रोहिणी ने जीता टीसीएस आईटी विज-2014

नई दिल्ली, (वासं)। दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के 1300 से ज्यादा छात्रों नेडीयरा हॉल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (आईआईटी), नई दिल्ली में आयोजित टीसीएस आईटी विज. में हिस्सा लिया। भारत के सबसे बडे अंतरविद्यालयी आईटी क्विज. समारोह- टीसीएस आईटी विज. का आयोजन अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है। दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोहिणी के सायन चौधरी और ध्रुव खुराना ने खिताब जीता।

इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयरदिया गया जबकि उपविजेता रहे दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर के पुरम के भरत कश्यप और शिवेन मियानआईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई। अंतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए। पुरस्कारों का वितरण श्री अनिल शास्त्री, चेयरमैन, लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) ग्रुप और श्री देबाशीष घोष,प्रेसीडेंट - मैन्यूफैक्चरिंग, लाइफ साइंसेज. एंड एनर्जी, एंड हैड टीसीएस नॉर्थ ने किया।

Publication: Veer Arjun
Date: 28/10/2014
Edition: New Delhi
Page No:11
Headline: Delhi edition of TCS IT Wiz on November 8

टीसीएस आईटी विज दिल्ली संस्करण 8 को आयोजित

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। जानी मानी आईटी सर्विस, कन्सल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन कंपनी टाटा कन्सल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने टीसीएस आईटी विज 2014 के दिल्ली संस्करण का आयोजन शनिवार, 8 नवंबर को डोगरा हॉल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉज (आईआईटी) नई दिल्ली में करने की घोषणा की है। इस क्विज में हाइ स्कूल में कक्षा 8 से 12वीं तक पढ़ने वाले (प्री यूनीवर्सटी के जूनियर कॉलेज छात्रों समेत) छात्र हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संस्थान इसमें दो सदस्यों वाली दस टीमें भेज सकती है। टीसीएस आईटी विज 2014 का आयोजन देशभर के 14 स्थानों पर किया गया है - अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर और पुणे। संबंधित संस्थान 5 नवंबर, 2014 तक कविता कुलवंतईटी विज कॉर्डिनेटर, मोबाइल 011 66506485 को अपने आवेदन भिजवा सकते हैं या ऑनलाइन रजिस्टर करवाएं। आप हमें ट्विटर पर फौलो कर सकते हैं।